# पचमढ़ी नगर और अभयारण्य की सीमा अलग

**पचमढ़ी नगर की भूमि अब राजस्व नजूल घोषित**

**कैबिनेट ने दी प्रस्ताव को मंजूरी**

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 27 जनवरी. लंबे समय बाद आखिरकार पचमढ़ी नगर और पचमढ़ी अभयारण्य क्षेत्र अलग- अलग हो गये हैं.**

पचमढ़ी नगर के साडा के नियंत्रण वाली नजूल क्षेत्र जिसका रकबा 395.931 हैक्टेयर है, उसे अब पचमढ़ी अभयारण्य क्षेत्र से बाहर कर राजस्व नजूल घोषित कर दिया गया है.



कैबिनेट ने मंगलवार को इस संबंध में पेश प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी है. पहले भी इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट के कहने पर निर्णय लिया गया था लेकिन तकनीकी कारणों से पचमढ़ी नगर को अभयारण्य से बाहर नहीं किया जा सका था. अब नगर और अभयारण्य दोनों की सीमाएं अलग- अलग होंगी. इसी के साथ कैबिनेट ने प्रदेश के 9 टाइगर रिज़र्व के तहत बफर क्षेत्रों का भी विकास करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है. निर्णय के तहत अगले 5 वर्षों यानी वित्तीय वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक के लिए कुल 390 करोड़ रुपये विकास कार्यों पर खर्च किये जाएंगे. इसके तहत बफर क्षेत्रों के विकास के तहत संवेदनशील क्षेत्रों में चेनलिंक फेसिंग, वन्यप्राणी सुरक्षा, चारागाह विकास, जल स्त्रोतों का विकास, अग्नि सुरक्षा, वन्य प्राणी उपचार एवं स्वास्थ्य परीक्षण और कौशल उन्नयन जैसे कार्य किये जायेंगे.

कैबिनेट ने नर्मदापुरम में 2 सिंचाई परियोजनाओं के लिए 215 करोड़ 47 लाख रूपये की मंजूरी दी है. निर्णय के मुताबिक तवा परियोजना दायीं तट नहर की बागरा शाखा नहर होज सिंचाई परियोजना की लागत 86 करोड़ 76 लाख रूपये, प्रस्तावित सिंचाई क्षेत्र 4200 हैक्टेयर की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गयी. परियोजना से नर्मदापुरम जिले की बाबई एवं सोहागपुर तहसील के 33 ग्रामों को सिंचाई सुविधा का लाभ होगा. वहीं तवा परियोजना की दांयी तट नहर से पिपरिया ब्रांच केनाल होज सिंचाई परियोजना को भी हरी झंडी दी गई है. इस परियोजना की लागत 128 करोड़ 71 लाख रूपये है. 6 हजार हैक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई होगी, इससे सोहागपुर तहसील के 30 ग्राम लाभान्वित होंगे.

**जारी रहेंगी 17,864 करोड़ लागत वाली 17 योजनाएं**

तीन अलग- अलग विभागों की 17 परियोजनाएं आगे भी जारी रहेंगी. निर्णय के तहत जनजातीय कार्य विभाग, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग और राजस्व विभाग की वर्ष 2026-27 से वर्ष 2030-31 की अवधि के लिए 17 योजनाओं की निरंतरता के लिए 17,864 करोड़ 26 लाख रूपये की स्वीकृति दी गई है. स्वीकृति अुनसार जनजातीय कार्य विभाग की शुल्क की प्रतिपूर्ति, परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण, स्काउट गाइड, परिवहन, स्वास्थ्य, विभिन्न पुरस्कार आदि 15 योजनाओं के लिए 377 करोड़ 26 लाख रूपये की स्वीकृति दी गई.



# कांग्रेस कमेटी कार्यालय में मनाया गणतंत्र दिवस

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 27 जनवरी. 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में गणतंत्र दिवस पर तिरंगा फहराया गया.**

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर तिरंगे को नमन किया और संविधान, लोकतंत्र तथा देश की एकता और अखंडता के प्रति कांग्रेस पार्टी की प्रतिबद्धता दोहराई. पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, पूर्व मंत्री पी.सी. शर्मा, एआईसीसी सचिव कुणाल चौधरी, सुखदेव पांसे, अवनीश भार्गव आदि मौजूद थे.

# अगले दो दिनों के लिए 28 जिलों में चेतावनी

## मध्यप्रदेश में कोहरे के बीच बारिश का दौर शुरू

**2-3 डिग्री तापमान में गिरावट**

**भोपाल, 27 जनवरी. मध्यप्रदेश में ठंड से राहत मिलने की बजाय मौसम और बिगड़ने जा रहा है. घने कोहरे और ठंडी हवाओं के बीच राज्य में 27 और 28 जनवरी को बारिश का नया दौर शुरू होने की संभावना है.**

मौसम विभाग ने हरियाणा क्षेत्र में सक्रिय साइक्लोनिक सर्कुलेशन और उससे जुड़ी ट्रफ लाइन के प्रभाव से भोपाल, ग्वालियर सहित 28 जिलों में



बारिश की चेतावनी जारी की है. इसके चलते प्रदेश के कई हिस्सों में बादल छाए रहेंगे और कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है, जिससे ठंड और बढ़ेगी. तापमान 2 से 3 डिग्री तक गिरने की संभावना है और रात का पारा कई शहरों में 10 डिग्री से नीचे चला जाएगा.

मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि उत्तर भारत में बने सिस्टम के चलते पश्चिमी विक्षोभ उत्तर पाकिस्तान एवं आसपास के क्षेत्रों में सक्रिय है.

इसके अलावा एक प्रेरित चक्रवातीय परिसंचरण दक्षिण-पश्चिम राजस्थान एवं निकटवर्ती क्षेत्रों में सक्रिय है. पूर्वोत्तर भारत में 250 किमी/घंटा की रफ्तार से उपोष्ण पछुआ जेट स्ट्रीम भी प्रभावी है. आगामी 30 जनवरी की रात से नया पश्चिमी विक्षोभ उत्तर-पश्चिम भारत को प्रभावित कर सकता है. आगरा, भिंड, मुरैना, शिवपुरी/ कुनो एनपी, ग्वालियर/ एपी, निवारी/ ओरछा और दतिया/रतनगढ़ में बिजली चमकने के साथ मध्यम तूफान या ओलावृष्टि की संभावना जताई है.

### मध्यप्रदेश पुलिस की नशे के कारोबार पर सख्त कार्रवाई

भोपाल, 27 जनवरी. मध्यप्रदेश पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी, भंडारण एवं विक्रय के विरुद्ध अपने अभियान को और तेज कर दिया है. बीते तीन दिनों के दौरान प्रदेश के विभिन्न जिलों में पुलिस टीमों ने पुख्ता सूचना के आधार पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए कई आरोपियों को गिरफ्तार किया और 24 लाख रुपये से अधिक मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किए हैं. जबलपुर में क्राइम ब्रांच और माढ़ोताल थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 41.35 ग्राम स्मैक बरामद की, जिसकी अनुमानित कीमत 8.27 लाख रुपये है. इसके साथ ही दो मोबाइल फोन और बिना नंबर की स्कूटी भी जब्त की गई. शिवपुरी के बैराड़ थाना क्षेत्र में पुलिस ने 15 ग्राम स्मैक (कीमत लगभग 5 लाख रुपये) के साथ एक आरोपी को पकड़ा.

# आयोजन गरिमा के साथ करें : सीएम

## विक्रमोत्सव की तैयारियों को लेकर समत्व भवन में बैठक

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 27 जनवरी.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सम्राट विक्रमादित्य पर केंद्रित विक्रमोत्सव में उनके व्यक्तित्व के सभी आयामों का प्रभावी प्रकटीकरण सुनिश्चित किया जाए.

नई पीढ़ी को सम्राट विक्रमादित्य के योगदान से परिचित कराना, भारतीय ज्ञान और सांस्कृतिक परंपरा की निरंतरता के लिए आवश्यक है. विक्रमोत्सव देश-प्रदेश की ऐतिहासिक विरासत और सांस्कृतिक चेतना का प्रभावशाली प्रतीक है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिये कि आयोजन पूर्ण भव्यता, सुव्यवस्था और सांस्कृतिक गरिमा के उच्चतम मानकों के अनुरूप हो. सीएम ने उज्जैन में होने वाले विक्रमोत्सव-2026 की तैयारियों के संबंध में समत्व भवन में बैठक के दौरान यह निर्देश दिए.

# प्रदेश में यूएफबीयू के आह्वान पर बैंक हड़ताल

**भोपाल, 27 जनवरी. यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के आह्वान पर देशव्यापी बैंक हड़ताल के दौरान भोपाल में भी बैंककर्मियों ने व्यापक और प्रभावी रूप से प्रदर्शन किया.**

एमपी नगर स्थित प्रेस कॉम्प्लेक्स हड़ताल का प्रमुख केंद्र बना, जहां 5000 से अधिक बैंक अधिकारी एवं कर्मचारी शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन में शामिल हुए. प्रदर्शनकारियों ने '5-दिवसीय बैंकिंग लागू करो' और 'बैंककर्मियों के स्वास्थ्य और सम्मान से समझौता नहीं' जैसे नारे लगाकर सरकार और बैंक प्रबंधन को स्पष्ट संदेश दिया कि कर्मचारियों की मांगों को अब टाला नहीं जा सकता.

**नेतृत्व और भागीदारी**

हड़ताल का नेतृत्व यूएफबीयू के संयोजक संजीव कुमार मिश्रा, मध्यप्रदेश अध्यक्ष सुबीन सिन्हा एवं सेक्रेटरी दिनेश झा, तथा भारतीय स्टेट बैंक अधिकारी संघ भोपाल सर्कल के अध्यक्ष अनिल




कुमार श्रीवास्तव ने किया. इस अवसर पर कई वरिष्ठ नेताओं ने सक्रिय भूमिका निभाई, जिनमें प्रमुख नाम हैं: वीरू शर्मा, दीपकरत्न शर्मा, संजय कुदेशिया, नज़ीर कुरेशी, शोभित वादेल, प्रवीण मेघानी, वी.एस. नेगी, सुनील सिंह. मध्यप्रदेश के साथ-साथ छत्तीसगढ़ के विभिन्न स्थानों पर भी एआईबीओसी के बैनर तले बैंक अधिकारियों और कर्मचारियों ने हड़ताल में भाग लिया.

जिला एवं अंचल मुख्यालयों पर प्रदर्शन से यह स्पष्ट हुआ कि बैंककर्मियों की मांगें केवल स्थानीय नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की साझा आवाज़ हैं.

**भारी संख्या में कर्मचारियों ने दिया समर्थन**

अधिकारी एवं कर्मचारी वर्ग की भारी संख्या में महिलाओं और पुरुषों ने भी आंदोलन में भाग लेकर हड़ताल को और मजबूत बनाया. प्रमुख सहभागी नामों में शामिल हैं: रजनीश पौराणिक, सुरेश बाबू मीणा, अरविंद पंडियार, क्षितिज तिवारी, निर्भय सिंह, अंबरिश नंदा, दीपक शुक्ला, सुमित कुमार, कपिला मेघानी, दीपमाला शीतल, शिवा मोहन मिश्रा, रोहित यादव आदि.

# बच्चों के कल्याण में विफलता, पटवारी चिंतित

- विपक्ष ने भाजपा सरकार पर बोला तीखा हमला

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 27 जनवरी. मध्य प्रदेश में बच्चों से जुड़े लगातार सामने आ रहे चिंताजनक मामलों को लेकर विपक्ष ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है.**

प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने आरोप लगाया कि ये घटनाएं किसी एक स्थान तक सीमित नहीं हैं, बल्कि असंवेदनशील शासन, प्रशासनिक उदासीनता और गहराते भ्रष्टाचार का परिणाम हैं. कांग्रेस नेताओं के अनुसार श्योपुर जिले में बच्चों को रद्दी अखबार के पन्नों पर भोजन परोसे जाने की घटना सामने आई. वहीं विदिशा में एक मासूम बच्ची को सड़क किनारे कचरे के ढेर से भोजन बीनते देखा गया. हाल ही में मैहर में गणतंत्र दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्व पर बच्चों को फटी हुई कॉपी के पन्नों में मध्यान्ह भोजन परोसे जाने का मामला भी उजागर हुआ.

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि ये घटनाएं केवल तस्वीरें नहीं हैं, बल्कि प्रदेश में शासन व्यवस्था और मानवीय संवेदनाओं के पतन का प्रतीक हैं. उन्होंने कहा कि यह बच्चों के साथ-साथ शिक्षा, संविधान और विद्या की गरिमा का भी अपमान है.

पटवारी ने बताया कि स्थिति इसलिए और गंभीर है क्योंकि मध्य प्रदेश कुपोषण के मामले में देश में दूसरे स्थान पर है. प्रदेश में करीब 10 लाख बच्चे कुपोषित हैं, जिनमें लगभग 1.36 लाख गंभीर कुपोषण से पीड़ित हैं.

उन्होंने केंद्रीय सरकारी आंकड़ों और सीएजी रिपोर्ट का हवाला देते हुए पोषण योजनाओं में अनियमितताओं का आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि बढ़ते कर्ज के बावजूद राज्य सरकार बच्चों के स्वास्थ्य, सम्मान और भविष्य की रक्षा करने में विफल रही है और उसे इसके लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए.




पेज एक का शेष

# 4 हजार मेगावाट के लगेंगे पॉवर प्लांट

इससे प्रदेश में कुल विद्युत उपलब्धता में बढ़ोत्तरी होने के साथ-साथ बिजली की मांग की शत-प्रतिशत आपूर्ति संभव होगी. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उद्योग मित्र नीतियों, सशक्त अधोसंरचना और सुशासन आधारित व्यवस्था के परिणाम स्वरूप मप्र देश - विदेश के निवेशकों और औद्योगिक समूहों के लिए पहली प्राथमिकता बनता जा रहा है.

विद्युत उत्पादन में भूमि- जल- पर्यावरण-कोयला- रेलवे लाइन आदि का बेहतर समन्वय आवश्यक है. इन सब आधारों पर मध्यप्रदेश उपयुक्त है.

**इन प्लांटों से 2030 तक मिलने लगेगी बिजली...**

एमपी पॉवर मैनेजमेंट कंपनी ने राज्य में स्थापित किए जाने वाले नए विद्युत संयंत्रों से डिजाइन, बिल्ड, फाइनेंस, ओन एंड ऑपरेट डीबीएफओओ के तहत विद्युत दर आधारित प्रतिस्पर्धात्मक बोली प्रक्रिया के माध्यम से 3200 मेगावाट बिजली खरीद के लिए बोलियां आमंत्रित की थीं. इसमें बिजली खरीद के ग्रीन शू विकल्प के तहत अतिरिक्त 800 मेगावॉट की बिजली खरीद का विकल्प भी शामिल था. इसके अनुसार मेसर्स हिन्दुस्तान थर्मल प्रोजेक्ट्स लिमिटेड को 800 मेगावॉट, मेसर्स टोरेंट पॉवर लिमिटेड को 1600 मेगावॉट तथा मेसर्स अदानी पॉवर लिमिटेड को 800 मेगावॉट व ग्रीन्शू विकल्प के तहत अतिरिक्त 800 मेगावॉट क्षमता आवंटित की गई है.

टोरेंट द्वारा 24 हजार करोड़ रुपए, अडाणी पॉवर द्वारा 24 हजार करोड़ रुपए तथा हिन्दुस्थन थर्मल द्वारा 12 हजार करोड़ रुपए का निवेश प्रस्तावित है. इन सभी क्षमताओं के लिये विद्युत आपूर्ति अनुबंध संबंधित चयनित विकासकों द्वारा गठित स्पेशल पर्पस व्हीकल्स के साथ किए गए हैं. इन विद्युत आपूर्ति अनुबंधों के तहत वर्ष 2030 से विद्युत आपूर्ति होना संभावित है.

### घर में घुसी तेज रफ्तार बोलेरो, एक की मौत

**रीवा.** रीवा-सिरमौर मार्ग के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मझगवा में बीती शाम हुए सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हैं. जिन्हें उपचार के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है .घटना के संबंध में ग्राम मझगवा निवासी मृतक मोहम्मद कमरुद्दीन के परिजनों ने बताया कि तेज रफ्तार बोलेरो बैकुंठपुर से रीवा की ओर जा रही थी इसी दौरान अनियंत्रित होकर उनके घर में जा घुसी. बोलेरो में सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं.







स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 RNI Reg. No.7590/60